




# एड्स नियंत्रण के प्रति जागरुकता के लिए चार सौ शिविर लगेंगे

## जिला स्तरीय बैठक आयोजित, जागरुकता अभियान चलाने कलेक्टर ने दिए निर्देश



नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 अगस्त, राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन के निर्देश पर जिले में 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक एड्स नियंत्रण के प्रति जागरूकता के लिये सघन अभियान संचालित किया जा रहा है.**

संचालन के संबंध में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने निर्देश दिये कि माइक्रोप्लानिंग कर विभागों के समन्वय से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सघन जागरूकता अभियान संचालित करें. कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि 15 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों, युवाओं सहित ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरी क्षेत्र की मलिन बस्तियों में जागरूकता अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें. महाविद्यालयों के रेड रिवन क्लब इस कार्य में सक्रिय भागीदारी निभायें तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाले शिविरों में बीएमओ सक्रिय रहकर विभागीय समन्वय से कार्य करें. उन्होंने कहा कि एचआईबी अधिनियम का प्रचार प्रसार किया जायं ताकि जन सामान्य में एचआईबी संक्रमण के प्रति जागरूकता बढ़े व कारण एवं बचाव के तरीके, जांच से लोग जागरूक हो सकें और उपचार सेवाओं का लाभ ले सकें. बैठक में नोडल अधिकारी डॉ. अनुराग शर्मा ने बताया कि जिले में 400 ग्रामों में जागरूकता शिविर आयोजित किये जायेंगे. शहरी क्षेत्रों में मलिन बस्तियों सहित रेड रिवन क्लब व अन्य शैक्षणिक संस्थाओं के माध्यम से 15 वर्ष से 49 वर्ष आयु के व्यक्तियों को एड्स के बचाव व उपचार के लिये जागरूक किया जायेगा. जिले के 39 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में फ्लैक्स, बैनर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है साथ ही अन्य प्रचार माध्यमों से भी लोगों में एड्स से बचाव, नियंत्रण व उपचार के प्रति जागरूक किया जायेगा. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ल ने बताया कि ग्राम सभाओं के माध्यम से पंचायत सदस्यों व ग्रामीणजनों को इस अभियान की समझाइश दी जायेगी. बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नमन सिंह सहित संबंधित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे.

### ग्राम पंचायतों में 15 से 20 तक होंगी ग्राम सभाएं

**रीवा, 13 अगस्त**, रीवा और मऊगंज जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 15 अगस्त से 20 अगस्त के मध्य विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा. इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि ग्राम सभाओं के लिए नोडल अधिकारी तैनात कर दिए गए हैं. ग्रामवार ग्राम सभाओं के आयोजन की तिथिवार तथा ग्राम पंचायतवार कार्यक्रम जारी कर दिया गया है. इन विशेष ग्राम सभाओं में सामाजिक सुरक्षा पेंशन की सूची का वाचन किया जाएगा.

# मऊगंज सिविल अस्पताल में अव्यवस्था का आलम, मरीज परेशान



नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 13 अगस्त, मऊगंज जिले में प्रायवेट अस्पताल में खुलेआम लूट के बीच गरीब और मध्यमवर्गीय मरीजों इलाज की एक मात्र उम्मीद सिविल अस्पताल मऊगंज इन दिनों बदइंतजामी के वायरस की चपेट में आ गया है.**

या यूं कहें कि सिस्टम चलाने वालों ने मरीजों को जिस अस्पताल के सहारे छोड़ा हुआ है,पहले सिविल अस्पताल की खुद की बीमारियों का यदि इलाज कराएं तो यह मरीजों से ज्यादा अस्पताल के लिए मुफीद साबित होगा. मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों के सिविल अस्पताल में आने के बाद खुद बीमार होने का खतरा बना हुआ है. जहां तक नजर जाती है बदइंतजामी का आलम नजर आता है. लगता है कि इस बद इंतजामी को सुधारने के बजाय सिस्टम खासतौर से अस्पताल को दुरुस्त करने के जिम्मेदारों ने अस्पताल को उसके हाल पर छोड़ दिया है. अब यदि बदइंतजामी की बात हो रही है तो उस पर भी एक नजर डाल लेते हैं.

वार्ड ब्वॉय किसी मरीज को सहारा देता नजर नहीं आता. मरीजों के स्ट्रेचर खींचने का काम तीमारदार खुद कर रहे थे. अस्पताल में आए मरीजों को देखकर तरस आता है. ऐसे मरीज असहाय व लावारिस अवस्था में नजर आ रहे थे. एक मरीज की हालत खराब थी जो कि फर्स पर पड़ा था, एक बेड में दो मरीज बेड उससे चद्दर नदारद.

# जिला महोत्सव के सफल आयोजन के लिए समिति का गठन

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 13 अगस्त, जिला विकास संघर्ष परिषद् मऊगंज द्वारा मऊगंज जिले के वर्षगांठ के उपलक्ष में आयोजित जिला महोत्सव की व्यापक स्तर तैयारी की जा रही है. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजेन्द्र शुक्ल उपमुख्यमंत्री होंगे.**

अध्यक्षता रीवा सांसद जर्नादन मिश्र करेंगे व विशिष्ट अतिथि के रूप में मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल रहेंगे. समारोह का शुभारंभ श्री रामचरित मानस के सुन्दरकाण्ड के गायन से सुबह 10 अजे से होगा. उसके उपरान्त भजन व आरती होगी. अभिनन्द समारोह दिन में एक बजे से होगा. आयोजन को भव्य यादगार बनाने हेतु परिषद् के संयोजक अधिवक्ता संतोष मिश्र, 25 सदस्यों को दायित्व सौंपा है. जिसमें जिला महोत्सव आयोजन के प्रभारी प्रो. रवी प्रताप द्विवेदी, सह प्रभारी अनूप कुमार गुप्ता, संयोजक रामाधार पटेल, सह संयोजक विनय सिंह पहाड़ी होंगे. आयोजन समिति में अध्यक्ष पं. केशव प्रसाद मिश्र, सदस्यगणों में रामप्रपन्न मिश्र कोलहा, डॉ. प्रमोद गुप्ता, के.डी. शुक्ला हनुमना, हरिदास यादव, कर्दम ऋषि, प्रदीप कुमार सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता रामरक्षा शुक्ला हनुमना, हरिहर प्रसाद शुक्ला मऊगंज, बसंत मोहिते, सुशील कुमार गुप्ता हनुमना, संतोष अवधिया बब्लू, डॉ. मनमोहन सिंह, पारसनाथ शुक्ल देवीपुर नईगढ़ी, देवेन्द्र मिश्रा डिघौल, प्रकाश मिश्र मऊगंज, राजू जायसवाल बरांव, पत्रकार वैद्य सम्पतिदास, श्रीनिवास त्रिपाठी, शशि कुमार शर्मा सुन्नू, अंकित मिश्रा हनुमना शामिल हैं.

# अतिक्रमणकारियों ने रोक दिया नगर निकासी का पानी

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 13 अगस्त, विगत दो दिन पूर्व गुढ़ नगर में हुई झमाझम बारिस से जहां गुढ़ के खटखरिहा एवं बसन्तसागर तालाब डमाडम भर गए थे.**

वही गुढ़ की संब्जी मंण्डी रेडवा नदी का रूप धारण कर चुकी थी और चौहट्टा बाजार हर्दी मोड मार्ग पूरी तरह से बन्द हो चुका था तथा मंण्डी की दुकानो व लोगो के घरो में पानी भराव होने से लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है. आपको बता दें कि नगर के बार्ड 10/11/8/ के बारिस का



पानी नाले से निकल कर बार्ड 8 होते हुए बार्ड 6 होकर मैदान होते हुए नदी में समहित हो जाता था. लेकिन नाला में अतिक्रमण कर नगर का निकलने वाले पानी को अवरुद्ध कर दिया गया जिसका परिणाम बार्ड 10 मंण्डी एवं 8 के रहवासी भुगत रहे है.

# पहाड़ी में निकाली गई तिरंगा रैली

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 13 अगस्त, पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल बसिगड़ा संकुल केन्द्र पहाड़ी, जिला मऊगंज में तिरंगा रैली का आयोजन संपन्न हुआ.**

रैली प्रभारी शिक्षक शैलेन्द्र कुमार गुप्त के मार्गदर्शन में संपन्न रैली ग्राम की गलियों से जब ये नारे कश्मीर से कन्याकुमारी, भारतमाता एक हमारी आजादी का जश्न मनाएंगे आओ तिरंगा लहराएंगे गूंजे तो ग्रामवासियों का तन-मन राष्ट्रीय भावों से रोमांचित हो उठा. विद्यार्थियों के उत्साह में ग्रामवासियों ने भी अपना उत्साह समन्वित करते हुए समवेत स्वरों में नारों का जयघोष किया. विद्यार्थियों के संचलन गीत उठो जवान देश की वसुंधरा पुकारती, देश है पुकारता, पुकारती माँ भारती की गूँज जब ग्रामवासियों के श्रवणद्वार तक पहुंची.

# जरहा गांव में सड़क न होने से कीचड़ से निकल रहे लोग

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 13 अगस्त, रीवा जिले के गुढ़ वि. सभा क्षेत्र जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान की ग्राम पंचायत जरहा के ग्राम जरहा से है, जहाँ पर गांव की आधी आबादी सड़क जैसी मूलभूत सुविधा से बंचित है.**



आजादी के 78 वर्ष बीत जाने के बाद और सड़क निर्माण सम्बन्धी कई योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण सुदूर सड़क योजना, आदि योजनाओं का क्रियान्वयन हुए कई दशक बीत गए पर ऐसा लगता है कि ग्राम पंचायत जरहा ऐसी योजनाओं के लिए अनुकूल नहीं है, या फिर मामला कुछ और ही है. इन दिनों झमाझम बारिश का दौर शुरू हो चुका है ऐसे मे ग्राम जरहा के बच्चे जिन्हें विद्यालय पढ़ने जाना है या फिर किसी को उपचार हेतु रीवा जाना है या फिर रोजमर्रा कि जरूरतों कि पूर्ति हेतु बदवार - सीतापुर मुख्य मार्ग पहुंचना है तो इन दिनों मुख्य मार्ग मे पहुंचना किसी जंग के जीतने जैसा ही है. सांसद -विधायक से सड़क बनवाने की मांग की गई है ताकि लोग निकल सके.

# महाविद्यालय के छात्रों ने निकाली तिरंगा यात्रा



नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 13 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर हर घर तिरंगा -हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय, मऊगंज के एन. एस. एस और एन. सी.सी. के स्वयं सेवकों एवं शिक्षकों ने हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा निकाली.**

देशभक्ति का नारा लगाते हुए महाविद्यालय परिसर से मऊगंज बाजार तक मार्च किया, इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सोम दत्त पाण्डेय ने बताया कि, हर घर तिरंगा का उद्देश्य राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को प्रबल बनाना है. रैली में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रतिभा सिंह, पुरुष इकाई डॉ प्रभाकर सिंह, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. विवेक पटेल,डॉ अनवर खान. डॉ दिनेश पटेल, डॉ प्रकाश चंद्र पटेल मौजूद रहे.

# महज दिखावा है चेतावनी बोर्ड, नदी में मिलाया जा रहा है नाली का गंदा पानी

नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 13 अगस्त, नगर में स्वच्छता अभियान के नाम पर भले ही रैली निकाली जाए य स्वच्छता अभियान में अच्छे अंक प्राप्त कर लिए जाएं लेकिन हकीकत की धरातल में चाकघाट नगर में बढ़ती गंदगी पर कोई रोक नहीं लग पा रहा है.**

दिन प्रतिदिन नगर में गंदगी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है. चाकघाट की प्रमुख तमसा नदी में के तट पर जहां एक और नगर परिषद प्रशासन का सूचना बोर्ड




लगा है की नदी में गंदगी फैलाने वालों पर चालानी कार्यवाही की जाएगी एवं500 /रुपए का अर्थ दंड देना होगा.

ठीक वहीं सूचना बोर्ड के बगल में बघेड़ी क्षेत्र के वार्ड क्र.14 का गंदा पानी खुले रूप में नदी में बहाया जा रहा है. राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क का निर्माण कराने वाली एजेंसी ने सड़क के किनारे बने बस्ती के गंदे पानी को निकालने के लिए जो पक्की नाली बनाई है उसे सीधे तमसा नदी में मिला दिया गया है. बघेड़ी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 14 का पूरा गंदा पानी राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बने पक्की नाली से होकर सीधे नदी में प्रवेश कर रहा है. हालांकि नगर परिषद ने गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही का सूचना बोर्ड भी लगा रखा है, लेकिन यह सूचना बोर्ड महज एक दिखावा है.

नगर परिषद गंदे पानी को सीधे नदी में जाने से नहीं रोक पा रहा है और न ही परिषद द्वारा पक्की नाली के माध्यम से सीधे नदी में गिरने वाले गंदे पानी को रोकने के लिए कोई कार्यवाही ही की जा रही है.

### न प्लास्टिक, न प्रदूषण थीम पर नौढ़िया में निकाली गई रैली

**रीवा, 13 अगस्त,** हर घर तिरंगा अभियान के तहत मऊगंज जिले के नौढ़िया ग्राम पंचायत में न प्लास्टिक न प्रदूषण थीम पर रैली निकालकर ग्रामवासियों को जागरूक किया गया. जिले के शासकीय संस्थाओं, आंगनवाड़ी केन्द्रों, शैक्षणिक संस्थाओं सहित ग्राम पंचायतों मेमं तिरंगा रैली निकालकर लोगों को राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव की शपथ दिलाई गई. इसके साथ ही विभिन्न ग्रामों व संस्थाओं, कार्यालयों में साफ-सफाई की गई.

# विधायक ने छात्रों व स्वच्छता मित्रों का किया सम्मान



नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 13 अगस्त, नगर परिषद चाकघाट में विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज के मुख्यातिथ्य में मेधावी छात्रों एवं स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित किया गया.**

सम्मना समारोह को सम्बोधित करते हुए विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने कहा गर्व का विषय है राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली दो महत्वपूर्ण इकाइयों का सम्मान करना गौरवपूर्ण क्षण है. देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 2047 तक विराट लक्ष्य विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत सभी के सामने है. हम सब उनके संकल्पों के साथ जुड़कर उसे अपने जीवन का हिस्सा व मंत्र बनाएंगेऔर विकसित मध्य प्रदेश के विकसित त्योंथर में अपना योगदान सुनिश्चित करे. विधायक ने नगर परिषद की समस्त टीम को बेहतरीन आयोजन के लिए बधाई. कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष वेद प्रकाश मिश्रा, घनश्याम यादव, नगर परिषद चाकघाट के अध्यक्ष विभव जायसवाल, नगर परिषद त्योंथर अध्यक्ष कृष्णावती विद्यासागर शुक्ला, अलख नारायण केशरवानी, एसडीएम पीएस त्रिपाठी,चाकघाट सीएमओ शंखधर पाण्डेय, कौशलेश द्विवेदी, डॉ अशोक पांडेय चाकघाट नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिमा सतीष गुप्ता, पार्षदगण विजय गुप्ता, पूनम अनील गुप्ता मीना अजय केशरवानी, पूनम अनूप गुप्ता, सत्यम केशरवानी, निशा मनोज सोनी, सुधा दीपक विश्वकर्मा, रंजना अशोक गुप्ता एवं राजू इंदल हरीजन काली चरण मिश्रा तुलाराम पाठक मौजूद रहे.

### नगर परिषद कोठी की पार्षद अदिति पीयूष अग्रवाल ने थामा भाजपा का दामन

सतना। नगर परिषद कोठी के वार्ड क्रमांक 09 की पार्षद अदिति पीयूष अग्रवाल ने कांग्रेस से इस्तीफा देकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। उन्होंने यह सदस्यता प्रदेश की राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी और भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय के हाथों ली।सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में *भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय* सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इस मौके पर राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि अदिति अग्रवाल जैसे सक्रिय जनप्रतिनिधि पार्टी की ताकत को और बढ़ाएंगे।

# ग्राम पंचायतों में 15 से 20 तक होगी विशेष ग्राम सभा

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 13 अगस्त, मऊगंज जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 15 अगस्त से 20 अगस्त के मध्य विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा.**

जिला पंचायत के सीईओ मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि ग्राम सभाओं के लिए नोडल अधिकारी तैनात कर दिए गए हैं. ग्रामवार ग्राम सभाओं के आयोजन की तिथिवार तथा ग्राम पंचायतवार कार्यक्रम जारी कर दिया गया है. इन विशेष ग्राम सभाओं में सामाजिक सुरक्षा पेंशन की सूची का वाचन किया जाएगा. सूची के वाचन के बाद यदि कोई हितग्राही अपात्र पाया जाता है तो उसका नाम सूची से पृथक करने की कार्यवाही की जाएगी. ग्राम सभा में नशामुक्ति की शपथ दिलाई जाएगी. ग्राम सभा में शिशुओं तथा गर्भवती महिलाओं के पोषण एवं टीकाकरण ग्राम स्वास्थ्य योजना, सिकल सेल एनीमिया की जाँच एवं गांव को क्षयमुक्त बनाने के संबंध में प्रस्ताव पारित किए जाएंगे.

ग्राम सभा में खाद्य सुरक्षा योजना की सोशल आडिट पर चर्चा मनरेगा योजना के तहत वृक्षारोपण, हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट बनाने, दिव्यांग बच्चों के पुनर्वास तथा हितग्राही मूलक योजनाओं के हितलाभ प्राप्त करने वालों का सत्यापन किया जाएगा. ग्राम सभा में सरपंच संवाद ऐप पर चर्चा की जाएगी. ग्राम सभा में निराश्रित पशुओं के प्रबंधन, प्रधानमंत्री कुसुम योजना तथा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना पर भी चर्चा की जाएगी. जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा नोडल अधिकारी शासन के निर्देशों के अनुरूप ग्राम सभाओं का आयोजन कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें.

# अंकुरण तरु की अनोखी पहल, बीज युक्त तिरंगा प्रशिक्षण



नवभारत न्यूज

**सतना 13 अगस्त। अंकुरण सीमा अग्रवाल के नेतृत्व में संस्था की सदस्य श्रीमती मोनिका कत्याल के मार्गदर्शन पर स्थानीय स्कूल में अंकुरण तरु ने बच्चों को बीज युक्त ध्वज प्रशिक्षण दिया हर फहराहट के साथ हरियाली का वादा अंकुरण तरु ने छात्रों से किया और छात्र-छात्राओं को बीज युक्त ध्वज बनाना सिखाया साथ ही उन्हें इन ध्वजों का वितरण भी किया।**

इन विशेष ध्वजों की सबसे अनोखी बात यह है कि जब बच्चे इन्हें गमले में फहराएंगे और पौधों में पानी देंगे तो ध्वज का कागज धीरे-धीरे गल कर उसमें मौजूद बीज मिट्टी में गिर जाएंगे समय के साथ यह बीज अंकुरित होकर पौधों का रूप ले लेंगे इस प्रकार हर बार ध्वज फहराने के साथ-साथ एक नई हरियाली की सौगात भी मिलेगी इससे मातृभूमि के प्रति प्रेम और पर्यावरण के प्रति संकल्प दोनों का सुंदर संगम भी बच्चों को देखने मिलेगा। संस्था ने यह संदेश फैलाने के लिए सभी सामाजिक जनों से अनुरोध किया है कि वह भी इस तरह के तिरंगे को हमारे स्वतंत्रता दिवस के दिन अपने धरों में फहराएं और सामाजिक प्रचार भी करें ताकि हरियाली का संदेश घर-घर पहुंचे और हर घर तिरंगे का भी महत्व सबको समझ में आए इस अवसर पर स्कूल स्टाफ और प्रिंसिपल श्रीमती मोनिका कत्याल दोनों का पूरा पूरा सहयोग हमें मिला जिसके लिए संस्था ने इनका आभार व्यक्त किया साथ ही इस अवसर पर संस्था के सदस्य विशेष रूप से मौजूद रहे।

# हनुमना नगर में छात्र-छात्राओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 13 अगस्त, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर समूचे राष्ट्र भर में चलाए जा रहे घर-घर तिरंगा यात्रा के तहत आज हनुमान नगर में जनपद कार्यालय से सेट रघुनाथ प्रसाद महाविद्यालय तक निकल गई तिरंगा जागरूकता सायकल यात्रा में प्रशासनिक अमले के साथ विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया.**

उल्लेखनीय है कि तिरंगा जागरूकता साइकिल यात्रा का शुभारंभ हनुमान जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालक अधिकारी



जगदीश सिंह राजपूत के कुशल मार्गदर्शन में निकाली गई. यात्रा का शुभारंभ करते हुए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपाली श्री राजपूत ने कहा कि यह यात्रा राष्ट्र के अमर शहीदों के सच्ची श्रद्धांजलि के साथ अभी ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से जो श्रद्धांजलि दी गई है.

वह हमें प्रेरणा देती है कि राष्ट्र के अमर बाल दानियों तथा इस तिरंगे की आन बान शान के लिए इस राष्ट्र का बच्चा-बच्चा तन मन धन न्योछावर करने को तैयार है यात्रा में कन्या हायर सेकेंडरी एमराल्ड हाइट्स हायर सेकेंडरी शासकीय सेठ बिहारी लाल हायर सेकेंडरी एसएस कान्वेंट माय वर्ल्ड आदि स्कूलों के भारी संख्या में भाग लिया इस दौरान थाना प्रभारी हनुमान अनिल काकडे के कुशल निर्देशन में हनुमना थाने का पुलिस बल जहां मुस्तैद रहा वहीं यात्रा में जनपद पंचायत के लेखा अधिकारी रोहित मिश्रा एसबीएम सच्चिदानंद द्विवेदी आपो बसंत पटेल स्थापना प्रभारी अभिषेक पांडे आनंद द्विवेदी व बब्बू गौतम बीआरसी लक्ष्मण शासकीय सेठ बिहारी लाल उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य अर्जुन उपाध्याय कन्या विद्यालय के प्राचार्य अमरनाथ तिवारी छात्र नेता विवेक त्रिपाठी आदि की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही.